# उष्ट्र प्रजाति के संरक्षण के लिए सामाजिक जुड़ाव वाले कार्यक्रम जरूरी : तेजस्विनी



पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने 'मानव जीवन में ऊंट' विषयक हिन्दी भाषण प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया।

- स्कूली विद्यार्थियों हेतु 'मानव जीवन में ऊंट' विषयक हिन्दी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया
- ऊंट की क्रमिक विकास यात्रा एवं पारंपरिक उपयोग के बारे में बताया

**बीकानेर, (कासं)।** राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र बीकानेर में शुक्रवार को स्कूली विद्यार्थियों हेतु 'मानव जीवन में ऊंट' विषयक हिन्दी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कक्षा 9 व 10 तथा 11 व 12 वीं कक्षा तक के दो समूहों में आयोजित इस प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवबाड़ी, प्रार्थना शिक्षण समिति तथा हिमांशु बाल माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तेजस्विनी गौतम, पुलिस अधीक्षक बीकानेर ने केन्द्र के जमीनी स्तर के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि उष्ट्र प्रजाति के संरक्षण एवं विकास हेतु सामाजिक जुड़ाव वाले ऐसे कार्यक्रम नितांत आवश्यक है ताकि भावी पीढ़ी द्वारा उष्ट्र प्रजाति की इस बदलते परिवेश में उपयोगिता को समझा जा सके। गौतम ने केन्द्र द्वारा उष्ट्र अनुसंधान की दिशा में किए जा रहे अनुसंधानिक एवं व्यावहारिक प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया।

साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में उपयोगी कई महत्वपूर्ण बातों की जानकारी देते हुए कहा कि आज प्रौद्योगिकी का दौर चल रहा है। हमें खासकर विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के संबंध में विशेष सावधानी बरतते हुए इसका इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने शिक्षा, समाज में महिलाओं की स्वीकार्यता एवं उन्हें समान अधिकार आदि कई पहलुओं पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर केन्द्र निदेशक डॉ. आर्तबन्धु साहू ने कहा कि उष्ट्र प्रजाति की बहुआयामी उपयोगिता आज भी इसकी प्रासंगिकता को सिद्ध कर रही है। डॉ. साहू ने ऊंट की क्रमिक विकास यात्रा एवं पारंपरिक उपयोग के बारे में प्रकाश डाला तथा कहा कि ऊंट प्रजाति अब एक दुधारू पशु के रूप में अपनी पहचान बनाने लगी है। क्योंकि इसके दूध में विद्यमान औषधीय गुणधर्म विभिन्न मानव रोगों यथा- मधुमेह, टी.बी. ऑटिज्म आदि में लाभप्रद पाये गए हैं। नतीजतन अब ऊंट को मानव स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से देखा जाने लगा है।

डॉ. साहू ने उष्ट्र पर्यटनीय विकास पर अपनी बात रखते हुए कहा कि ऊंट के बाल (ऊन), हड्डी, चमड़ी आदि लघु उद्योग के रूप में पनप रहे हैं तथा लोगों की आमदनी का जरिया बना है। वहीं उष्ट्र सवारी, सफारी के प्रति पर्यटकों में खासा रूझान देखा गया है। ऊंट हर दृष्टिकोण से लाभ देने वाला पशु है। अतः इस व्यवसाय को बढ़ावा देने से उष्ट्र प्रजाति व संबद्ध समुदायों दोनों को लाभ मिल सकेगा। डॉ. आर. के. सावल, प्रधान वैज्ञानिक एवं नोडल अधिकारी राजभाषा ने विद्यार्थियों को केन्द्र में चल रही अनुसंधान गतिविधियों की जानकारी देते हुए इस पशु की विशेषताओं, बहु आयामी उपयोगिताओं एवं बढ़ते उष्ट्र व्यवसाय के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेश कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय ने कहा कि निश्चित रूप से अपनी विशेषताओं के कारण ऊंट आज भी उपयोगी है। बशर्ते इससे लाभ लिया जाए। उन्होंने केन्द्र द्वारा स्कूली बच्चों हेतु भाषण प्रतियोगिता की भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्रतियोगिता में प्रथम वर्ग (कक्षा 9 व 10) में राहुल यादव प्रथम, अनिल कुमावत द्वितीय, सूरजदास गुप्ता एवं मोहित अठावनिय तृतीय स्थान पर रहे। वहीं द्वितीय वर्ग (कक्षा 11 व 12) में सीटु चारण प्रथम, मुस्कान जूनवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## रामसा पीर सोसायटी पर एक और मामला

**बीकानेर, (कासं)।** यहां सोसायटी बनाकर लाखों रूपये की धोखाधड़ी करने के दो और मामला दर्ज हो गये हैं। पहले से जिस रामसा पीर सोसायटी पर पहले मामला दर्ज कराया गया था। उसी पर दो और एफआईआर इस्तगासे से हो गई है। पूर्व में धोखाधड़ी के तीन मामले अलग-अलग थानों में दर्ज हो चुके हैं।

अब परदेशियों की बगेची के पास रहने वाले निखिल सोनी पुत्र ज्ञान प्रकाश सोनी ने कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया है। 28 वर्षीय निखिल का आरोप है कि रामसा पीर सोसायटी में रूपये और सोने चांदी में इन्वेस्ट करने पर जल्दी फायदा होगा। ऐसे में निखिल ने कैलाश सोनी, इंद्रचंद सोनी, सुनील सोनी, बसन्त सोनी, विकास सोनी और तारा सोनी पर ठगी करने का आरोप लगाया है।

उसका आरोप है कि 74 ग्राम सोना और बीस हजार रूपये नकद लिए थे, जो वापस नहीं दिए। उधर हरीकिशन सोनी ने भी एक मामला दर्ज कराते हुए कैलाश सोनी, इंद्रचंद सोनी, सुनील सोनी, बसन्त सोनी, विकास सोनी और तारा सोनी पर रूपये लेने की शिकायत दी है। जेल रोड रहने वाले हरिकिशन ने पुलिस को बताया कि उससे तीन लाख एक हजार चार सौ रूपये लिए गए जो वापस नहीं दिए गए। साथ ही 75 ग्राम सोना भी हड़प लिया है। सभी आरोपी एक ही परिवार के हैं। इस परिवार पर अब तक पांच अलग-अलग मामले दर्ज हो चुके हैं।

## सार-समाचार

### पुलिस अफसरों को चुनाव प्रशिक्षण



विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधिकारियों के प्रथम प्रशिक्षण को उपअधीक्षक अनिल कुमार ने संबोधित किया।

**बीकानेर, (कासं)।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा शुक्रवार को पुलिस विभाग के अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण रविन्द्र रंगमंच पर आयोजित किया गया। इस दौरान निर्वाचन में पुलिस की भूमिका के बारे में बताया गया। पुलिस उपाधीक्षक अनिल कुमार ने कहा कि निष्पक्ष और भयमुक्त निर्वाचन में पुलिस विभाग अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसे समझते हुए प्रत्येक पुलिस अधिकारी पूर्ण गंभीरता से कार्य करें। निर्वाचन के दौरान एक्टिव पुलिसिंग की आवश्यकता पर बल दिया गया। जामसर पुलिस थाने के थानाधिकारी इंद्र कुमार ने मतदाताओं के संरक्षण से जुड़ी विभिन्न धाराओं की जानकारी दी। चुनाव के दौरान पुलिस कर्मियों को प्रत्येक स्थिति पर नजर रखने तथा क्विक रिस्पोंस का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि इस दौरान पुलिस और प्रशासन का आपसी समन्वय भी अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। एसआई होशियार सिंह ने पुलिस के दायित्व के बारे में बताया। एसडीपी गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने विधि विशेषज्ञ के रूप में चुनाव संबंधी धाराओं की जानकारी दी। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर्स डॉ. वाई. बी. माथुर, डॉ. एस.एल. राठी, डॉ. राधा किशन सोनी, डॉ. शमिंदर सक्सेना, डॉ. विपिन सैनी, गणेश सदारंगानी, विशाल गौड़ एवं वीरेन्द्र कच्छावा ने प्रशिक्षण दिया।

### भंवरू खां ने की जनसुनवाई

**बीकानेर, (कासं)।** राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष भंवरू खां ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुल्तानी, चडवा जाति की सुनवाई के संबंध में बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने मुल्तानी, चडवा जाति के प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की समीक्षा की तथा उनका पक्ष सुना। उन्होंने आयोग द्वारा ओबीसी जातियों के संबंध में पूर्व में जारी पत्रों के जवाब पर भी चर्चा की। इस दौरान चडवा जाति के लोगों ने राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में दर्ज मुल्तानी जाति में संशोधन करते हुए मुल्तानी, चडवा किए जाने के संबंध में अपना पक्ष रखा। बैठक में सलीम सोढा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पंवार, डॉ. अरविन्द आचार्य, वाजिद अली, चडवा विकास समिति के नजरूल इस्लाम, मुस्लिम दमामी समाज के बरकत अली दमामी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### इमरजेंसी मेडिसिन विभाग बनेगा

**बीकानेर, (कासं)।** सरदार पटेल चिकित्सा महाविद्यालय बीकानेर में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग की स्थापना होगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नवीन विभाग के निर्माण कार्यों तथा अन्य आवश्यकताओं हेतु 6.55 करोड़ रूपये के वित्तीय प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। साथ ही महाविद्यालय में ई.एन.टी. विभाग में विभिन्न सुविधाओं और उपकरणों के लिए 4 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई है।

# चाय की दुकान पर हुई कहासुनी में चाकू से युवक की हत्या

- एक युवक की हत्या का लाइव वीडियो सामने आया
- चाय की थड़ी पर बैठे 4 लोगों ने चाकू से गर्दन और सीने में 5 वार किए

**बीकानेर, (कासं)।** एक युवक की हत्या का लाइव वीडियो सामने आया। चाय की थड़ी पर बैठे 4 लोगों ने अचानक युवक पर हमला कर दिया। हमले में घायल युवक की हॉस्पिटल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

घटना शहर के जय नारायण व्यास थाना क्षेत्र स्थित गोल मार्केट में बने वंडरपुरी टी शॉप पर गुरूवार रात 10 बजे की है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। युवक की हत्या के बाद विप्र समाज के लोग आक्रोशित हो गए और शुक्रवार सुबह शव लेने से मना कर दिया। टी स्टॉल में लगे सीसीटीवी कैमरे में यह पूरी वारदात कैद हो गई। इसमें बदमाश यश को घेर कर पिटाई कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार गंगाशहर निवासी यश ओझा (22) और उसके दोस्त सुभाषपुरा निवासी प्रियांशु (22) का पहले से ही स्थानीय लोगों से झगड़ा चल रहा था। यश और प्रियांशु दोनों वंडरपुरी टी स्टॉल पहुंचे।

सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहा है कि यहां पहले से 4 युवक बैठे थे। यश ने अपना मुंह कपड़े से ढका हुआ था। इस दौरान यश ने एक लड़के को इशारा कर अपने साथ बाहर आने को कहा। इतनी ही देर में किसी बात को लेकर इन दोनों में झगड़ा हो गया। इस पर जिस लड़के को उसने बाहर आने को कहा था। उसके साथियों ने हमला कर दिया। मामला इतना बढ़ गया कि युवक (जिसे बाहर आने को कहा था) ने जेब से चाकू निकाला और देखते ही देखते यश पर हमला कर दिया। इस दौरान प्रियांशु बीच-बचाव के लिए आया तो उस पर भी चाकू से वार किए गए। इसके बाद यश की गर्दन और सीने में चार से पांच बार वार कर उसे घायल कर दिया। टी स्टॉल का फर्श खून से सन गया और यश बेहोश हो गया। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद यश और प्रियांशु को बीकानेर के पीबीएम अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बीच रास्ते में यश की मौत हो गई। प्रियांशु की हालत गंभीर है। उसका इलाज चल रहा है।

हत्या के बाद शुक्रवार सुबह विप्र समाज के लोग मोर्चरी के बाहर जमा हो गए और शव उठाने से मना कर दिया। विप्र समाज के भंवर पुरोहित ने बताया कि हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद ही शव का अंतिम संस्कार किया जायेगा। पुरोति ने कहा कि रास्ता जाम या फिर कार्य में व्यवधान उत्पन्न नहीं कर रहे हैं।

सीओ सिटी दीपक कुमार, बीछवाल थानाधिकारी महेन्द्र दत्त शर्मा और जेएनवीसी थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह ने समझाइश भी की, लेकिन समाज के लोग और परिजन अपनी मांग पर अड़े हैं।

## सामाजिक अंकेक्षण 15 को

**हनुमानगढ़, (कासं)।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के पारदर्शी एवं जवाबदेह रीति से क्रियान्वयन एवं लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अभिलेखों के प्रकटीकरण में पारदर्शिता संधारित किये जाने हेतु जिले में विभिन्न स्तर के स्थानीय प्राधिकारियों के माध्यम से सामाजिक अंकेक्षण करवाया जायेगा।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 की धारा 28 के अन्तर्गत उचित मूल्य दुकानों, लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में प्रथम सामाजिक अंकेक्षण ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा आगामी 15 अगस्त 2023 को आयोजित होने वाली ग्राम सभा में संयुक्त रूप से करवाया जायेगा। जिला कलेक्टर ने बताया कि शुक्रवार तक सभी विकास अधिकारी को ग्राम पंचायत वार नोडल अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश दिए गए है।

संबंधित उपखंड अधिकारी अपने-अपने उपखण्ड में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति को समय पर किया जाना सुनिश्चित करेंगे। नोडल अधिकारी की बैठक कर उन्हें सामाजिक अंकेक्षण की विस्तृत जानकारी दी जाऐगी।

## साढ़े तीन लाख पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण

- एक दिन में पांच हजार पार्थिव शिवलिंग निर्मित होते हैं

**बीकानेर, (कासं)।** आचार्य श्री धरणीधर महादेव मंदिर में, धरणीधर ट्रस्ट के संरक्षक एवं समाजसेवी रामकिशन आचार्य के सानिध्य में श्रावण मास के दौरान कोलायत की मिट्टी से साढ़े तीन लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जा रहा है।

धरणीधर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष जितेन्द्र आचार्य ने बताया कि सुबह 11 बजे से लेकर 5 बजे तक पंडित जयकिशन पुरोहित, पं. विमल किराडू, पं. अमित व्यास, पं. जयशंकर पुरोहित, पं. गौतम पुरोहित के द्वारा कोलायत की मिट्टी को गंगाजल में गोंद कर कच्चा माल बनाया जाता है। उसके बाद एक दिन में पांच हजार पार्थिव शिवलिंग निर्मित होते हैं। ट्रस्ट के अध्यक्ष नंद कुमार आचार्य ने बताया कि एक-एक पार्थिव शिवलिंग पर चावल रखते समय पंडितों द्वारा ओम नमः शिवाय का जाप किया जाता हैं।

धरणीधर महादेव मंदिर विकास एवं पर्यावरण समिति के जगमोहन आचार्य, दुर्गाशंकर आचार्य ने बताया कि पांच पंडित पार्थिव शिवलिंग का निर्माण करते हैं। मंदिर में पूजन पूरे श्रवण माह करने वाले पंडित जयकिशन आचार्य, रामेश्वर भाटी, जितेन्द्र आचार्य, नटिया महाराज थानवी इस पूरे समय उपस्थित रहते हैं।

पार्थिव शिवलिंग निर्माण के समय मोहित सिंगोदिया, पोला महाराज, उमेश अग्रवाल, फन्ना भा उपस्थित थे। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष जितेन्द्र आचार्य ने बताया कि पार्थिव शिवलिंग निर्माण के पीछे एक विशेष धार्मिक उदेश्य है। सकाम भर्ती में मूर्ति पूजा का विधान ही प्रसस्थ माना गया हैं। आदिकाल से पार्थिव ( मिट्टी) का शिवलिंग बनाकर शिव की उपासना की जाती है। मां पार्वती पार्थिव शिवलिंग का पूजन करती थी। इसी पूजन के प्रभाव से शिव को प्रसन्न कर समूचे शिव को प्राप्त किया। श्रीराम ने भी महादेव मंदिरों की स्थापना की दुज्मा ने सर्वप्रथम पार्थिव शिवलिंग का निर्माण एवं पूजन प्रारंभ किया था।

## शिक्षक संघ का धरना-प्रदर्शन 16 से शुरू

**बीकानेर, (कासं)।** विभिन्न 11 सूत्री मांग पत्र पर समाधान के प्रति कोई सकारात्मक निर्णय नहीं होने से शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) संगठन की संघर्ष समिति एवं स्थायी समिति की बैठक में लिए गए निर्णयानुसार 16 अगस्त से आंदोलन को तीव्र करने का निर्णय लिया गया। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला अध्यक्ष मोहनलाल भादू एवं जिला मंत्री नरेन्द्र आचार्य ने बताया कि संगठन द्वारा चलाए जा रहे चरणबद्ध आंदोलन की श्रृंखला में अब तक क्रियान्वित हुए आंदोलन के विभिन्न चरणों के बाद भी सरकार का शिक्षकों को वाजिब मांगों यथा तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले करने, विगत तीन सत्रों की बकाया डीपीसी करने, बीएलओ पद से शिक्षकों को मुक्त करने, समस्त गैर शैक्षिक कार्यों से मुक्त करने, समस्त वेतन विसंगतियों को दूर करने, एनपीएस कार्मिकों का जीपीएफ खाता खोलने, टीएसपी में कार्यरत नॉन टीएसपी शिक्षकों को उनके गृह जिले में समायोजित करने विभिन्न विभागों में बकाया एसीपी एवं स्थायीकरण प्रकरण का निस्तारण करने, हिन्दी अंग्रेजी अनिवार्य शारीरिक शिक्षक व्यख्याता, सैकंड ग्रेड पद देने की मांग है।


दिनांक:11.8.2023

**आम सूचना**

हस्ब हिदायत मेरे मुवकिलान के मुताबिक हर आम व खास को आगाह किया जाता है कि मेरे मुव्वकिलान नारायणसिंह जाट पुत्र रूपाराम व गोमती पत्नि नारायणसिंह जाति जाट निवासी नागौर चूंगी चौकी के पास, वार्ड नं.17 नोखा तहसील नोखा जिला बीकानेर के पुत्र राम स्वरूप जाट पुत्र नारायणसिंह जाट जाति जाट निवासी नागौर चूंगी चौकी के पास वार्ड नं.17 नोखा तहसील नोखा जिला बीकानेर जो कि मेरे मुव्वकिलान के पिछले काफी समय से कहने सुनने में नहीं है मेरे मुव्वकिलान ने अपने पुत्र राम स्वरूप जाट को पारिवारिक व सामाजिक रीति नीति से जुड़कर रहने बाबत कहा परन्तु मेरे मुव्वकिलान के पुत्र राम स्वरूप जाट पर मेरे मुव्वकिलान की समझाईश का कोई असर नहीं हुआ। अतः मेरे मुव्वकिलान द्वारा आमजन व खास को आगाह किया जाता है कि मेरे मुव्वकिलान के पुत्र राम स्वरूप जाट का मेरे मुव्वकिलान से व उसकी चल व अचल सम्पति से कोई वास्ता नही रह गया है मेरे मुव्वकिलान के पुत्र राम स्वरूप जाट किसी व्यक्ति के साथ किसी प्रकार का स्वयंव्यवहार व लेनदेन करता है तो उक्त स्वयंवहार व लेनदेन बाबत मेरे मुव्वकिलान कतई जिम्मेवार नहीं होगें वह स्वयं ही जिम्मेदार होगा।

भवदीय

श्यामसुन्दर रेगर, एडवोकेट नोखा


# घरों में पानी नहीं पहुंचा तो एस. ई. का घेराव

- ग्राम पंचायत चार जैड में पानी नहीं पहुंचने से लोग परेशान

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** इलाके के घरों में पानी नहीं पहुंचने से परेशान ग्राम पंचायत चार जैड के पास के ग्रामीणों ने शुक्रवार को पीएचईडी के एसई मोहनलाल अरोड़ा का घेराव किया।

इन लोगों का कहना था कि उनके घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। इससे लोग परेशान हैं। सरपंच बेअंत बराड़ और देवकरण नायक के नेतृत्व में पीएचईडी ऑफिस पहुंचे ग्रामीणों का कहना था कि समस्या दूर करने के लिए कई बार पीएचईडी के अफसरों को अवगत करवाया लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इन लोगों का कहना था कि करीब दो माह से यह समस्या बनी हुई है।

अगर हालात ऐसे ही रहे तो लोगों को मुश्किल होगी और वे एसई ऑफिस के आगे पड़ाव डाल देंगे। एसई मोहनलाल अरोड़ा ने इलाके के लोगों की बात सुनते हुए कहा कि समस्या का शीघ्र समाधान करवाया जायेगा। उन्होंने एईएन ऐश्वर्य मिश्रा को मौके पर भेजा। एईएन मिश्रा ने बताया कि अंतिम छोर की कॉलोनी में अभी पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इसके लिए शीघ्र व्यवस्था की जायेगी। विरोध प्रदर्शन के दौरान अमित सूडिया, गुरजंट सिंह, रमेश डागला, रमन नायक, ओम प्रकाश, गोपी गिल, जगदीश शाक्य, चरणो देवी, कलावती, पूनम कुमारी, कमला देवी मौजूद थे।

## चित्रकला प्रतियोगिता

**बीकानेर,(कासं)।** पर्यावरण सुरक्षा और बच्चों में कौशल विकास के अन्तर्गत आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुजानदेसर गंगाशहर में पर्यावरण सुरक्षा वर्तमान और भविष्य पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई।

केन्द्र सचिव वीर भरत गोलछा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विद्यालय से करीब 25 छात्र-छात्राओं ने अपनी भावनाओं को चित्र रूप में उकेरा। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पारितोषिक दिया जायेगा। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र गंगाशहर केन्द्र द्वारा दिया जायेगा। यह प्रतियोगिता शाला प्रध्यानाध्यापिका अर्चना गुप्ता की देखरेख में हुई। इस दौरान केन्द्र अध्यक्ष वीर टोडरमल चौपड़ा, जोन शिक्षा स्किल डवलपमेंट प्रभारी वीर चंद्रकुमार राखेचा मौजूद थे।

# सोने के बिस्किट दिलाने के नाम पर पांच लाख की ठगी

- पांच लाख रूपये ले लिए, वापस मांगे तो महिला को जान से मारने की धमकी दी

**बीकानेर, (कासं)।** एक महिला से सोने के बिस्किट देने के नाम पर पांच लाख रूपये ले लिए लेकिन सोने के बिस्क्टि नहीं दिए। यहां तक कि रूपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई। इसी तरह के आरोप लगाते हुए महिला ने मुक्ता प्रसाद नगर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है।

सर्वोदय बस्ती में टैक्सी स्टैंड के पास रहने वाली महिला रूबी पुत्री हबीब खान ने ये मामला दर्ज कराया है। मूल रूप से श्रीगंगानगर निवासी रूबी वर्तमान में सर्वोदय बस्ती में रहती है। उसने आरोप लगाया है कि साले की होली के पास रहने वाले अलकेश बोड़ा ने पंद्रह फरवरी से 26 जून के बीच करीब पांच लाख रूपये लिए। उसने सोने के बिस्किट लाकर देने का आश्वासन दिया। अलकेश ने अब तक न तो सोने के बिस्किट दिए और न ही रूपये वापस लौटाए। रूपये मांगने पर मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई। एफआईआर में कई गंभीर आरोप लगाये गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। प्रकरण भारतीय दंड संहिता की धारा 420 के साथ ही 341, 120 बी सहित अन्य धाराओं में दर्ज कराया गया है। मामला इस्तगासे के माध्यम दर्ज कराया गया है। जिसकी जांच एसआई महेन्द्र सिंह को सौंपी गई है।

वीं श्रीगंगानगर क्षेत्र में लगातार चोर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला अनूपगढ़ के वार्ड नंबर 23 का सामने आया है। देर रात वार्ड नंबर 23 से चोरों ने गली में खड़े दो ट्रैक्टरों की बैटरी चुरा ली और मौके से फरार हो गए। एक चोरी का मामला पास में ही लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया है। सूचना मिलने पर पार्षद पति हरीकृष्ण लखोटिया मौके पर पहुंचे। वाहन चालकों ने पुलिस प्रशासन से बढ़ रही चोरी की वारदातों पर रोक लगाने की मांग की है।

# कलेक्टर ने की स्वतंत्रता दिवस समारोह की पूर्व तैयारियों की समीक्षा



बीकानेर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ( दाएं ) ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

- पेयजल, विद्युत आपूर्ति, माइक सहित सभी व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक लिया

**बीकानेर,(कासं)।** जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी उन्हें दिए गए दायित्वों का निर्वहन पूर्ण गंभीरता एवं जिम्मेदारी से करें, जिससे राष्ट्रीय पर्व को पूर्ण गरिमा और परंपरागत तरीके से मनाया जा सके।

जिला कलेक्टर ने डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में झंडारोहण, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा पैरासेलिंग सहित विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों के बारे में जाना और कहा कि कार्यक्रम देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हों यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्टेडियम में प्रवेश-निकास, सुरक्षा, बैठक, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, माइक सहित सभी व्यवस्थाओं के बारे में संबंधित अधिकारियों से फीडबैक लिया। पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, एट होम तथा स्काउट गाइड रैली के संबंध में दिए गए निर्देशों की समीक्षा की।

जिला कलेक्टर ने कहा कि मुख्य समारोह में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी हो ऐसे प्रयास किए जाएं। सभी कार्यालयों में प्रातः 7 से 8 बजे तक ध्वजारोहण के बाद सभी अधिकारियों को मुख्य समारोह में आने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी 13 अगस्त तक समस्त तैयारियां पूर्ण करते हुए सूचना उपलब्ध करवाएं।

इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस यक्ष चौधरी, नगर निगम आयुक्त केसर लाल मीणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) प्रतिभा देवठिया, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) जगदीश गौड़, नगर विकास न्यास सचिव मुकेश बारठ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी गण मौजूद थे।

## इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण का शिलान्यास

**अनूपगढ़, (कासं)।** ग्राम पंचायत 15 ए-बी में विधायक संतोष बावरी ने ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 3 में विजय कुमार वर्मा के घर से सहीराम नायक के घर की ओर विधायक कोष 5 लाख रूपये की लागत से बनी इंटरलॉकिंग ब्लॉक सड़क निर्माण का शिलान्यास किया।

ग्रामीण ने बताया कि सड़क निर्माण से उनका आवागमन सुगम होगा और बरसात के दिनों में भी उन्हें राहत मिलेगी। वहीं विधायक संतोष बावरी ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आईसीटी लैब का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सुरजा राम वर्मा, भैराराम, पाली राम, राजपाल, रमेश राबिया, वार्ड पंच किशन सोलंकी लोकेश, सुखवंत सिंह, सरपंच प्रतिनिधी नत्थूराम मौजूद थे।

विधायक बावरी ने बताया कि ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर ग्रामीणों ने समस्याएं उनके समक्ष रखी।


राजस्थान आवासन मण्डल

RAJASTHAN HOUSING BOARD

(राज.आवा.मण्डल अधिनियम 1970 के तहत गठित राज्य सरकार का उपक्रम)

( A State Government Enterprise Constituted Under RHB Act 1970)

वृत-बीकानेर, Circle-Bikaner

क्रमांक:-उआआ/आरएचबी/बीका/2023-24/451 दिनांक :- 10/8/2023

**आम सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल की सामान्य पंजीकरण योजना-1981में चालान संख्या 37950 द्वारा राशि रू.500/-जमा करवाकर श्रीमति भिकी देवी पुरोहित पत्नि श्री फूसाराम पुरोहित ने आवास आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवटी को आवास सं.2/147मुक्ताप्रसाद नगर, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 30.00वगमीटर का आवंटन पत्र क्रमांक 2960 दिनांक 09.05.1989 को जारी किया गया था। मूल आवंटी श्रीमती भिकी देवी पुरोहित पत्नि श्री फूसाराम पुरोहित ने उक्त आवास का बैचान ईकरारनाम/मुख्त्यारनामा के माध्यम से श्री जयदेव डावडा पुत्र श्री आशानन्द डावडा के नाम किया गया। उक्त आवास का नियमितिकरण श्री जयदेव डावडा पुत्र श्री आशानन्द डावडा के नाम पत्रांक 4242 दिनांक 28.11.2000 को किया गया। उक्त आवास उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से पंजीकृत नहीं है।

तत्पश्चात् श्री जयदेव डावडा की मृत्यु दिनांक 05.11.2013 एवम् उनकी धर्मपत्नि श्रीमति शंकुन्तला देवी की मृत्यु दिनांक 08.03.2023 को हो जाने कारण उनके पुत्र श्री इंद्र कुमार एवम् श्री चेतन कुमार ने मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति प्रमाण पत्र, उत्तराधिकार के घोषणा पत्र, समस्त पंजीयन प्रपत्रों की छायाप्रति एवम् निर्धारित शूल्क जमा करा दिया। उक्त आवास श्री इन्द कुमार एवम् श्री चेतन कुमार के नाम हक त्यागनामा के माध्यम से किया गया। उक्त हक त्यागनामा उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 14.07.2023 से पंजीकृत हैं।

श्री इन्द्र कुमार एवम् श्री चेतन कुमार पुत्र स्व.श्री जयदेव डावडा नेसमस्त पंजीयन पपत्रों की सत्यापित छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड मे अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है।श्री इन्द्र कुमार एवम् श्री चेतन कुमार पुत्र स्व.श्री जयदेव डावडा का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यवाही विचाराधिन है। यदि किसी व्यक्ति/हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 10दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री इन्द्र कुमार एवम् श्री चेतन कुमार पुत्र स्व.श्री जयदेव डावडा का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम् अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।

सहायक आवासन अधिकारी

राजस्थान आवासन मण्डल

वृत बीकानेर